## सीएचएमओ ऑफिस में अटेचमेंट का गोरखधंधा

# सेटिंग के सहारे कुर्सियों पर कब्जा



| नाम | पद | मूल पदस्थापना |
|---|---|---|
| दीपक पांडेय | सहायक ग्रेड-3 | पिंडरईकला |
| राजेश बघेल | लेखापाल | पिंडरईकला |
| चेतराम डेहरिया | एम पी डब्ल्यू | कुंडालीकला |
| हिमांशु चौकसे | सहायक ग्रेड -3 | परासिया |
| सूर्यभान परतेती | फार्मोसिस्ट | कुंडालीकला |
| अनिल निरियापुरिया | एम पी डब्ल्यू | खिरसाडोह |

ये कुछ ही नाम है जो अभी सामने आए हैं, अभी तो लंबी सूची आना बाकी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में इन दिनों संलग्नीकरण व्यवस्था नहीं, बल्कि सेटिंग और संरक्षण का खेल चल रहा है। जो व्यवस्था अस्थायी जरूरतों के लिए बनाई गई थी, वही अब वर्षों से जमे बाबुओं के लिए स्थायी ठिकाना बन चुकी है। नियमों को ताक पर रखकर किए गए संलग्नीकरण ने न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग में खुलेआम बाबू राज और मनमानी को भी हवा दे रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा (मनीष गड़करी)

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में चल रहा अटैचमेंट का खेल अब सीधे सीधे न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना श्रेणी में आता नजर आ रहा है। सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाईकोर्ट अपने फैसलों में स्पष्ट कर चुके है कि संलग्नीकरण कोई स्थायी पदस्थापना नहीं बल्कि अस्थायी और आपातकालीन व्यवस्था है। इसके बावजूद सीएचएमओ कार्यालय में वर्षों से एक ही स्थान पर जमे बाबू संलग्नीकरण के सहारे मलाईदार कुर्सियों पर मलाई चाट रहे है। न्यायालय ने अपने निर्णयों में स्पष्ट किया है कि संलग्नीकरण सीमित अवधि के लिए होना चाहिए। इसका उपयोग स्थानांतरण नियमों को बायपास करने के लिए नहीं किया जा सकता। जबकि लंबे समय तक एक ही जगह अटैचमेंट, मनमानी और दुर्भावनापूर्ण माना जाता है। इस सबके बावजूद भी इस कार्यालय में नियमों को ताक में रखकर संलग्नीकरण को स्थायी व्यवस्था बना दिया है।

कानूनी जानकारों का मानना है कि यदि वर्षों पुराने संलग्नीकरण आदेशों की जांच हो तो सेवा नियमों के उल्लंघन, न्यायालयीन निर्देशों के अवेलहना और प्रशासनिक भ्रष्टाचार जैसे आरोपों से बरी नहीं किया जा सकता। हमारे सूत्रों से खबर है कि संलग्न बाबुओं के पास महत्वपूर्ण फाइलों और निर्णय प्रक्रियाओं पर पूरा नियंत्रण है जिससे बिना सेटिंग के काम हो पाना संभव नहीं है। हाल ही में हुई कफ सिरप का मामला हो या फिर अवैध पार्थ पैथालॉजी जैसे मामले हो। सेटिंग से सब चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग जैसा महत्वपूर्ण अमला अगर भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाए तो आम आदमी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होना तय है। कफ सिरप मामले में 25 बच्चों की मौत जिले का ताजा उदारहण है जिसने स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खोलकर रख दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (CHMO) कार्यालय में इन दिनों अटैचमेंट के खेल ने पूरे सिस्टम की साख पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के अनुसार सीमित अवधि के लिए किया जाने वाला अटैचमेंट अब स्थायी जुगाड़ में तब्दील हो चुका है। वर्षों से एक ही स्थान पर जमे बाबू प्रभाव और सेटिंग के दम पर मलाईदार शाखाओं में अटैच रहकर शासन को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। सूत्रों की मानें तो कई कर्मचारी ऐसे हैं जो मूल पदस्थापना कहीं और होने के बावजूद वर्षों से CHMO कार्यालय में अटैच हैं। इन अटैचमेंट्स के पीछे न तो कोई आपात स्थिति है और न ही प्रशासनिक आवश्यकता, बल्कि लेन-देन और रसूख को ही इसकी असली वजह बताया जा रहा है।

### नियम कागजों में, खेल जमीन पर

स्वास्थ्य विभाग के नियम स्पष्ट कहते हैं कि अटैचमेंट अस्थायी व्यवस्था होती है, लेकिन यहां इसे स्थायी बना दिया गया है। इससे न केवल योग्य कर्मचारियों के अधिकारों का हनन हो रहा है, बल्कि कार्यालय में बाबू राज भी फल-फूल रहा है। अटैच बाबुओं के पास फाइलों का नियंत्रण होने से आम कर्मचारी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले डॉक्टर-कर्मचारी परेशान हैं। बिना "सेटिंग" के काम होना लगभग असंभव बताया जा रहा है।

### प्रशासन की भूमिका सवालों के घेरे में

सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि वरिष्ठ अधिकारी न्यायालीन आदेशों से अनभिज्ञ है या फिर नियमों को जानबूझकर नियमों को नजरअंदाज किया जा रहा है। यदि कोई कर्मचारी या जनहित याचिका अदालत का दरवाजा खटखटाए तो जिम्मेदारों पर कार्यवाही तय मानी जा रही है। सभी संलग्नीकरण आदेशों की अगर कानूनी समीक्षा कराया जाना चाहिए, वहीं नियम विरुद्ध संलग्न कर्मचारियों को तत्काल मूल पदस्थापना स्थल भेजा जाना चाहिए।

### बेबसी का शिकार है ईमानदार कर्मचारी

संलग्नीकरण प्रशासनिक व्यवस्था नहीं बल्कि नियमों , कानूनों और अदालतों के निर्देशों को ठेंगा ठिकाने का हथियार बन चुका है। जिस सुप्रीम, हाईकोर्ट ने आपात और अस्थायी व्यवस्था बताया है उसे यहां वर्षों से जमे बाबुओं ने स्थायी पोस्टिंग का जुगाड़ बना दिया है। सीएचएमओ कार्यालय के कई बाबु वर्षों से मूल पदस्थापना से वर्षों से गायब है और मलाईदार शाखाओं में कुंडली मारकर बैठे है। लंबे समय तक एक ही स्थान पर अटैचमेंट मनमाना और अवैध है। अगर बिना सेटिंग के काम रोकने की ताकत के कारण ईमानदार कर्मचारी और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी बेबसी का शिकार है। जबकि सीएचएमओ को मीडिया के फोन कॉल से गुरेज है। वे न तो जवाब देते है और न ही कॉल बैक करते है। हर बार की तरह इस खबर पर भी उनका मत जानने के लिए कॉल किया गया परंतु वही हर बार की तरह फोन रिसीव नहीं किया गया।

### प्रशासनिक संरक्षण या लापरवाही?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इतने वर्षों से यह सब चल कैसे रहा है?क्या वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी में यह अटैचमेंट का खेल हो रहा है, या फिर जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं? यदि जांच हो तो कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आ सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग में ईमानदार कर्मचारियों और आमजन की मांग है कि सभी अटैचमेंट की निष्पक्ष जांच कराई जाए। नियम विरुद्ध अटैच कर्मचारियों को तत्काल मूल पदस्थापना स्थल भेजा जाएवर्षों से जमे बाबुओं का तबादला किया जाए। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर मामले पर कार्रवाई करता है या अटैचमेंट का यह खेल यूं ही चलता रहेगा ?

## टंकियों की सफाई , पाइप लाइनों के सुधार की रखी मांग



**परासिया :-** नगर पालिका परासिया में स्तिथ पानी की टंकियों की सफाई , सम्पवेल और पाइपलाइनों की मरम्मत के लिए वार्ड 9 के पार्षद आशीष जायसवाल ने सी एम ओ से मांग रखी है । उन्होंने सी एम ओ भरत गजबे को लिखित पत्र देते हुए कहा , कि वार्ड नगर में सभी 21 वार्डों में जहां - जहां भी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हैं , उनकी मरम्मत की जाए । वार्ड 4 और 9 में बड़ी टंकिया स्तिथ है , उनकी सफाई कराई जाए । इसी तरह वार्ड 9 और 20 में सम्प वेल की भी सफाई कराई जाए । जहां - जहां वॉल्व लीकेज है , उन्हें ठीक किया जाए , ताकि व्यर्थ पानी बहने से रोका जा सके । सफाई हो ताकि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके ।

## बड़ा देव स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारियां



**न्यूटन / परासिया :-** न्यूटन वार्ड नं 8 में स्थापित प्रकृति शक्ति बड़ा देव स्थापना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी 10 जनवरी 2026 को वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है । इसको लेकर जय बड़ा देव सेवा समिति न्यूटन की बैठक हुई । जिसमें कार्यक्रम से सम्बंधित जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गई ।सर्वप्रथम बड़ा देव सुमरनी कर बैठक प्रारंभ की गई । स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास व भव्यता से मनाया जाएगा । कार्यक्रम में बड़ा देव पूजन , महासुमरनी विधिविधान से आदिवासी पंडा द्वारा कराया जाएगा । बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंको से उत्तीण छात्र छात्राओं को सम्मानित कर पुरूस्कृत किया जायेगा । आदिवासी सांस्कृतिक इनामी नृत्य प्रतियोगिता , आदिवासी गोंडी गीत , शासकीय सेवानिवृत्त सैनिकों , पुलिस विभाग , शिक्षकों का सम्मान , आदिवासी वृद्धजनों को शॉल व श्रीफल से सम्मानित किया जायेगा , आदिवासी धर्मगुरुओं व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों का समाज सुधार पर उद्बोधन के बाद भोजन प्रसाद भंडारा कर कार्यक्रम समापन किए जाने का निर्णय हुआ । बैठक की अध्यक्षता माया धुर्वे जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग , अशवनी मरकाम समिति संरक्षक द्वारा की गई । ब्रजकुमारी सरयाम पार्षद वार्ड नं 2 चांदामेटा , नंदू इरपाची समिति अध्यक्ष , सतीश सराठी समिति उपाध्यक्ष , राकेश सरेयाम ब्लॉक अध्यक्ष ,सुभाष नर्रे , दीना मरकाम , महेश सरयाम , चेतन उईके , राहुल सराठी , रूपेश इरपाची , गीता मरकाम , राखी उईके , हरीश उईके , विजय बरकड़े , नीलेश मर्सकोले , मुकेश भलावी , यसवंत वाडीवा , नैना वाडीवा , आनंदी कुमरे , कांति मसराम , मयूर सल्लाम , मुन्ना युनाति , उमेश मरकाम , गुमान सिंह , जतनपाल उईके , रामगोपाल इरपाची , संजय उईके , दीपक काकोड़यिा , अनिकेत सराठी , गुरु इरपाची , हर्षित मरकाम सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिम्मेदारी सौंपी गयी । प्रसाद वितरण कर बैठक का समापन किया गया ।

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर छिंदवाड़ा की रामलीला, विश्व रामायण सम्मेलन के समापन समारोह में होगा भावपूर्ण मंचन

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा की सांस्कृतिक परंपरा को एक और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलने जा रही है। श्रीरामलीला मंडल, छिंदवाड़ा को आगामी 4**th World Ramayana Conference** में एक दिवसीय रामलीला मंचन के लिए आमंत्रित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2 से 4 जनवरी 2026 तक जबलपुर (मध्यप्रदेश) में आयोजित होगा।यह भव्य आयोजन ब्रह्मऋषि मिशन समिति, जबलपुर एवं राम अवेयरनेस मूवमेंट द्वारा आयोजित किया जा रहा है तथा श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास और संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा । कार्यक्रम की एक विशेष और भावनात्मक विशेषता यह है कि यह सम्मेलन एक महान रामायण विद्वान एवं रामभक्त की स्मृति को समर्पित किया गया है, जिससे आयोजन को वैचारिक और आध्यात्मिक गरिमा प्राप्त होती है । यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का सांस्कृतिक आयोजन होगा, जिसमें 11 देशों के प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। सम्मेलन के सांस्कृतिक सत्रों में छिंदवाड़ा की रामलीला के साथ-साथ इंडोनेशिया की प्रसिद्ध रामलीला तथा मणिपुर की पारंपरिक रामलीला भी प्रस्तुत की जाएगी, जिससे रामकथा की वैश्विक और बहुरंगी परंपरा एक ही मंच पर देखने को मिलेगी।सम्मेलन के समापन समारोह में श्रीरामलीला मंडल छिंदवाड़ा द्वारा रामकथा के दो अत्यंत मार्मिक प्रसंग—दशरथ देहत्याग एवं भरत-राम मिलाप—का मंचन किया जाएगा। ये दोनों प्रसंग भारतीय रामकथा के भावनात्मक शिखर माने जाते हैं और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के समक्ष भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करेंगे।उल्लेखनीय है कि श्रीरामलीला मंडल छिंदवाड़ा वर्ष 1889 से निरंतर रामलीला मंचन की परंपरा का निर्वहन कर रहा है। हाल ही में अयोध्या धाम में हुए ऐतिहासिक मंचन के पश्चात मंडल को यह अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण प्राप्त होना छिंदवाड़ा की लोकनाट्य परंपरा के लिए गर्व का विषय है।मंडल के संरक्षक कस्तूरचंद जैन, राजू चरणागर एवं सतीश दुबे लाला ने बताया कि यह सहभागिता केवल एक प्रस्तुति नहीं, बल्कि छिंदवाड़ा की सांस्कृतिक विरासत को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित करने का अवसर है, जहाँ रामकथा के मानवीय, नैतिक और आध्यात्मिक संदेश वैश्विक संवाद का हिस्सा बनेंगे।

## आयोजन समिति ने प्रेस 11 को दी मात



**छिंदवाड़ाः** शहर में आयोजित लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत सद्भावना मैच खेला गया, जिसमें आयोजन समिति और प्रेस 11 की टीमें आमने-सामने रहीं। यह मुकाबला 12-12 ओवर का था और दर्शकों को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। अंततः आयोजन समिति ने लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर जीत दर्ज की।रॉयल क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस मुकाबले में प्रेस 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 102 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का संतुलन बनाए रखा, वहीं आयोजन समिति के गेंदबाजों ने बीच-बीच में विकेट निकालकर रन गति को नियंत्रित किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयोजन समिति की शुरुआत शानदार रही। ओपनिंग जोड़ी ने तेज और सधे हुए स्ट्रोक्स लगाते हुए टीम को मजबूत आधार दिया। प्रेस 11 के गेंदबाजों ने प्रयास जरूर किए, लेकिन ओपनिंग साझेदारी को सातवें ओवर में ही तोड़ा जा सका। इसके बाद नौवें ओवर में एक और विकेट गिरा, हालांकि तब तक आयोजन समिति लक्ष्य के काफी करीब पहुंच चुकी थी।अंततः आयोजन समिति ने 10 ओवर 2 गेंद शेष रहते ही 102 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में जहां आयोजन समिति के ओपनर बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, वहीं प्रेस 11 के गेंदबाजों ने भी अनुशासित गेंदबाजी कर मुकाबले को रोचक बनाए रखा।प्रेस 11 के कप्तान देवेंद्र गोपी ठाकुर ने आयोजन समिति का शानदार आयोजन के लिए आभार माना इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राकेश प्रजापति, मनीष गडकरी सावन पाल, सौरभ गुप्ता, तौफीक मिस्किनी, उत्कर्ष करमेले, सचिन, मयंक साहू सहित युवा पत्रकार उपस्थित रहे यह सद्भावना मैच खेल भावना और आपसी सौहार्द का प्रतीक रहा, जिसे दर्शकों ने भी खूब सराहा।

## नव वर्ष पर जिले को जुन्नारदेव रेलवे ओवर ब्रिज की सौगात

**छिन्दवाड़ा।** एम.पी.आर.डी.सी. द्वारा जिले के तामिया–जुन्नारदेव मार्ग (28.3 कि.मी.) पर स्थित राज्य राजमार्ग क्रमांक-41 में जुन्नारदेव नगरीय क्षेत्र के रेलवे ट्रैक कि.मी. 943/0, लेवल क्रॉसिंग ए-पी-37 पर नव निर्मित रेलवे ओवर ब्रिज का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह जिले का सबसे लंबा रेलवे ओवर ब्रिज है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 554 मीटर लंबे इस ओवरब्रिज में 330 मीटर के 11 स्पैन, दोनों ओर 84 मीटर के बॉक्स तथा 140 मीटर लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया गया है। इसके चालू होने से जुन्नारदेव तहसील की लगभग 30 प्रतिशत आबादी को रेलवे फाटकों पर घंटों इंतजार की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही हर्रई, बिजोरी, तामिया, जुन्नारदेव, नीमढाना, बोरदेही, मुल्ताई, आठनेर, कुकरूखामला स्टेट हाईवे - 41 पर निर्मित होने से यह ब्रिज, छिंदवाड़ा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल पातालकोट को कुकरुखामला बैतूल से जोड़ेगा।

## खेड़ापति मंदिर में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ



**परासिया (रावनवाड़ा)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी एवं अखण्ड दीप शताब्दी के पावन अवसर पर खेड़ापति मंदिर परिसर, रावनवाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हो चुका है। आयोजन का प्रथम दिवस संपन्न हो गया।प्रथम दिवस शुक्रवार, 02 जनवरी 2026 को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने सहभागिता की। गायत्री मंत्रों के उच्चारण और जयघोष से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।आयोजन समिति से जुड़े छगनलाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ के द्वितीय दिवस शनिवार, 03 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे देव पूजन एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 2:00 बजे प्रवचन होंगे तथा सायं 6:00 बजे दीप यज्ञ संपन्न होगा।कार्यक्रम के तृतीय एवं अंतिम दिवस रविवार, 04 जनवरी 2026 को प्रातः 10:00 बजे पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, संस्कार, पूर्णाहूति एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव श्रीमद भागवत महापुराण कथा में हुए शामिल

**छिंदवाड़ा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव भुजालिया मैदान, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के समीप सार्वजनिक रूप से धार्मिक उत्सव समिति द्वारा आयोजित एवं वृंदावन से पधारी पंडित श्री दीपेश्वरी जी के मुखारविंद से श्रीमद भागवत महापुराण कथा में पदाधिकारी के साथ सम्मिलित होकर व्यास पीठ का पूजन कर कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ जिला महामंत्री विजय पांडे, जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, भारत घई, कृपाशंकर सूर्यवंशी, लोकेश डेहरिया, विकास राय, नीरज भारद्वाज, जुगल यादव, कुबेर सूर्यवंशी, खुशनयन सूर्यवंशी, यमन साहू, राहुल बादशाह, आलोक साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।



## दयानंद ने रानी दुर्गावती चैक पर बिखरी पड़ी गिट्टी हटाई

**छिंदवाड़ा** – शहर में आये दिन हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुये एवं विगत दिनों नरसिंहपुर रोड में एक महिला के साथ रोड पर बिखरी पड़ी गिटटी के कारण उनका वाहन गिर जाने से हुई घटना को देखते हुये समाजसेवी दयानंद चैरसिया ने आज रानी दुर्गावती चैक पर बिखरी पड़ी गिट्टी हटाई । उन्होनें इसके पूर्व भी तिलक मार्केट चैक पर ओवर ब्रिज के नीचे जहॉ-तहॉ पड़ी बिखरी गिट्टी हटाई थी ताकि आम राहगीरों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो सके। उन्होनें प्रशासन एवं आम जनता से भी अपील की है कि निर्माण कार्य के दौरान जहॉ-तहॉ पड़ी गिट्टी को तत्काल मटेरियल मालिकों से हटवाया जावे और ट्रेक्टर एवं डम्पर चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जावे जो कि ओवर लोड भरकर ले जाते हैं जिससे जहॉ-तहॉ गिटटी गिरते जाती है । उन्होनें कहा कि अभी भी शहर में अनेकों स्थानों पर जहॉ-तहॉ, गिट्टी एवं मटेरियल पड़ा हुआ है एवं आवागमन के मार्गो पर गड्ढे हो रहे हैं।

## सांसद ने मैहर में शारदा माता मंदिर में माथा टेकर जिलेवासियों के लिए मांगी सुख समृद्धि की दुआ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले सांसद बंटी विवेक साहू जिले के प्रवास के दौरान लगातार मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में शामिल होकर जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार को नववर्ष के अवसर पर मैहर मां शारदा मंदिर में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने माता रानी के मंदिर में माथा टेकर विधी विधान से पूजा - अर्चना करके जिलेवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की है।

मैहर पहुंचने पर सांसद बंटी विवेक साहू का साहू समाज और भाजपा के पदाधिकारियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद श्री साहू ने मां शारदा मंदिर में विशेष पूजा- अर्चना के साथ ही भक्तगणों को भंडारा का वितरण करते हुए भंडारा ग्रहण भी किया। उन्होने माता रानी से प्रार्थना की है कि वे छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के निवासियों पर विशेष कृपा दृष्टि बनाएं रखते हुए सुख समृद्धि और वैभव प्रदान करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राकेश दुबे, अनु चौरसिया, भीम दुबे और पप्पु साहू उपस्थित थे।

## स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु निगम सभागार में महापौर ने ली बैठक

### स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

नगर निगम सभागार में स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल प्रदाय एवं सीवरेज कार्य सभापति अरुणा मनोज कुशवाहा, सहायक यंत्री विवेक चौहान, भानु सूर्यवंशी सहित जल प्रदाय कार्य से संबंधित कर्मचारी—वालमैन, प्लंबर, सर्वेयर एवं निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान महापौर ने जल प्रदाय की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने एवं स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पानी का वितरण समयानुसार किया जाए तथा किसी भी स्थिति में गंदा पानी घरों तक न पहुंचे। इसके लिए पानी की टंकियों की नियमित अंतराल पर सफाई कराई जाए यदि कहीं भी पाइपलाइन में लीकेज की समस्या हो तो उसे तत्काल सुधारा जाए। इसके साथ ही अवैध कनेक्शनों की सूची तैयार कर उन पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान महापौर ने कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनी और उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

## लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ से बदजुबानी पर भड़की युवक कांग्रेस, जलाया पुतला

### नगरीय प्रशासन मंत्री का फूंका पुतला, जमकर की नारेबाजी

**छिन्दवाड़ाः** भाजपा के बदजुबानी मंत्री की क्या पहचान.गुंडों जैसी भाषा और बर्तावभाजपा की एक ही पहचान लूटो..खाओ..भ्रष्टाचार मचाओ। उक्त गगन भेदी नारे युवक कांग्रेस ने गांधी चौक पर आयोजित नगरीय प्रशासन मंत्री के पुतला दहन के दौरान लगाए। तत्काल लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ मीडिया से माफी मांगने की मांग करते हुए पुलिस व प्रशासन की उपस्थिति में युकां ने मंत्री का पुतला फूंका। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला युवक कांग्रेस ने प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बयान की कड़ी निंदा की। स्थानीय राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में एकजुट हुए युवक कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण गांधी चौक पहुंचे, यहां कैलाश विजयवर्गीय के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। विदित हो कि गत दिवस इंदौर में जहरीला पानी पीने से 15 निर्दोष लोगों की मौत पर मीडियाकर्मी के द्वारा सवाल पूछे जाने पर नगरीय प्रशासन मंत्री ने दूषित मानसिकता व भाषा का परिचय देते हुए जवाब दिया।



## कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर 12 माह 62 वर्ष तक भविष्य सुरक्षित करने की रखी मांग

# अतिथि शिक्षकों का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी





**आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश महासचिव एवं छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष संतोष कहार ने बताया कि प्रदेश स्तरीय आह्वान पर मध्यप्रदेश के सभी जिलों में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन/भूख हड़ताल आमरण अनशन का कार्यक्रम आज 2 जनवरी से प्रारंभ हो चुका है। इसी तारतम्य में आज छिंदवाड़ा जिले के अतिथि शिक्षकों ने भी दीनदयाल पार्क छिंदवाड़ा में धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल का कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया है।**

श्री कहार का कहना है कि प्रदेश में अतिथि शिक्षक विगत 18 वर्षों से शासकीय स्कूलों में अपनी सेवा देते आ रहे हैं, किंतु आज दिनांक तक हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। हमने अपने भविष्य को सुरक्षित कराने को सैकड़ो बार शासन - प्रशासन से आवेदन-निवेदन किया, कि हमारा भविष्य सुरक्षित किया जाये किंतु आज दिनांक तक हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। जब जब चुनाव आया तब तक हमें नेता मंत्री और अधिकारियों ने कई तरह के आश्वासन दिए यहां तक की 2 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षकों की महापंचायत भोपाल में बुलाई गई जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विभिन्न घोषणाएं की। कि हम अतिथि शिक्षकों की विभागीय परीक्षा लेकर भविष्य सुरक्षित करेंगे एवं चार अंक प्रतिवर्ष अनुसार बोनस के रूप में देकर अधिकतम 20 अंक बोनस के रूप में शिक्षक भर्ती में मेरिट सूची में जोड़ेंगे और नियमित शिक्षक बनेंगे किंतु आज दिनांक तक यह मात्र चुनावी जुमला बनकर रह गया है और प्रदेश के अतिथि शिक्षकों को कुछ भी लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। हमारी प्रमुख मांगे है कि - 1.अतिथि शिक्षकों का कार्यानुभव और वरिष्ठता के आधार पर 12 माह 62 वर्ष तक भविष्य सुरक्षित किया जाए।आज के धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकारी जिला अध्यक्ष सर्वेश श्रीवास्तव, सुनील विश्वकर्मा, योगेश चौरसिया, अवध सूर्यवंशी, शोभाराम वर्मा सत्येंद्र शुक्ला अंकित विश्वकर्मा अशोक सूर्यवंशी अनिल डेहरिया कैलाश विश्वकर्मा सहित अनेक अतिथि शिक्षक शिक्षिकाये मुख्य रूप से उपस्थित रह।

## विधायक उईके के किया अतिथि शिक्षकों की मांगों का समर्थन



**पांढुर्णा।** आज 2 दिसंबर को विधायक निलेश उईके ने पांढुर्ना में चल रहे अतिथि शिक्षक के अनिश्चितकालीन हडताल में जिला अध्यक्ष जतनई उईके एवं अन्य साथियों के साथ उपस्थित होकर उनकी मांगों का समर्थन किया। विधायक निलेश उईके ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में अतिथि शिक्षकों के हितों की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है। अ ति थि शिक्षकों को वक्त पर वेतन नहीं मिल रहा, बेवक्त मिलनेवाला वेतन भी आज के हालात को देखते है अत्यल्प है। इतने कम वेतन में अतिथि शिक्षकगण अपने परिवार का गुजारा कैसे कर पाते होंगे, यह विचार का विषय है। इन्होंने म.प्र. शासन से मांग की है कि अतिथि शिक्षकों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उन्हें यथाशीघ्र सहमति प्रदान करें।

## पांढुर्ना के एतश राऊत को राष्ट्रीय नेतृत्व सम्मान



**पांढुर्ना।** पांढुर्ना जिले के होनहार चिकित्सा छात्र एतश राऊत ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। चिकित्सा छात्र नेतृत्व के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें 'नेशनल लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान अहमदाबाद में आयोजित भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के 100वें राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि एतश राऊत, भारतीय चिकित्सा संघ, मेडिकल स्टूडेंट्स नेटवर्क (आईएमए-एमएसएन) के राष्ट्रीय महासचिव हैं। सम्मान समारोह केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से वरिष्ठ चिकित्सक, चिकित्सा शिक्षाविद् और मेडिकल छात्र प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। एतश राऊत को यह सम्मान देशभर के मेडिकल छात्रों को संगठित करने, छात्र नेतृत्व को सशक्त बनाने, राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय शैक्षणिक, सामाजिक और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के सफल आयोजन तथा आईएमए-एमएसएन को एक मजबूत छात्र संगठन के रूप में स्थापित करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर एतश के पिता विवेक राऊत ने कहा कि यह उपलब्धि एतश की निरंतर मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। इससे पूर्व भी एतश को सोलापुर में महाराष्ट्र राज्य द्वारा 'स्टेट प्रेसिडेंट एप्रिसिएशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। कम आयु में राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान प्राप्त कर एतश राऊत ने न केवल पांढुर्ना जिला, बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उनकी इस सफलता पर आईएमए-एमएसएन के पदाधिकारियों, चिकित्सा समुदाय एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं।

# अतिवृष्टि से फसलों को भारी नुकसान पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



पांढुर्णा जिले के सौसर एवं पांढुर्णा विकासखंड में हुई अतिवृष्टि एवं षीतलहर से किसानों की फसलें बुरीतरह प्रभावित हुई है। क्षेत्र में कपास और तुअर की फसल लगभग सत्तर प्रतिषत तक नष्ट हो चुकी है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति गंभीर होते जा रही है। षुक्रवार को पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने किसानों की इस गंभीर समस्या को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपते हुये प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फसल नुकसान का सर्वे कराने की मांग रखी। उन्होने बताया कि, पांढुर्णा जिले में लगभग 80 प्रतिषत किसान कपास और तुअर की खेती पर निर्भर है और इसी फसल के आधार पर अपनी आजीविका चलाते है। किसानों द्वारा सेवा सहकारी समितियों एवं बैंकों से ऋण लेकर खेती की जाती है तथा फसल बीमा भी कराया गया है, इसके बावजूद अब तक किसी भी किसान को फसल बीमा का लाभ या मुआवजा राषि नही मिली है। पूर्व मंत्री मोहोड ने प्रषासन से मांग की है कि, किसानों की परेषानी को ध्यान में रखते हुये षीघ्र सर्वे कराकर फसल बीमा एवं मुआवजा राषि दिलाई जाये ताकि, किसानों को राहत मिल सके। वही दुसरी ओर किसानों का कहना है कि, यदि षिध्र सर्वे होकर सहायता नही मिली तो उनके सामने गंभीर आथ्रिक संकट खडा हो जायेगा।

## बोथिया में समता सैनिक दल ने मनाया भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस



**सौंसर।** भीम कोरेगांव शौर्य दिवस पर समता सैनिक दल के द्वारा ग्राम बोथिया में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए 500 वीर सैनिकों को नमन किया है। ग्राम बोथिया में संपन्न हुए कार्यक्रम का शुभारंभ तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया, सतीश क्षमता सैनिक दल की ओर से डॉ बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर वीर 500 सैनिक को एवं डॉ बाबा साहेब को मानवंदना दी गयी,जिसके उपरांत बाइक मार्च द्वारा पांढुर्णा पंचशील बुद्ध विहार अम्बा वार्ड,धम्मदीप बुध्द विहार अम्बेडकर वार्ड , नालंदा बुद्ध विहार महावीर वार्ड भ्रमण करके ग्रामीण मोरडोंगरी, सिवनी , राजना, हिवरा सेंनडवार, बड़ चिचोली, होते हुए ग्राम बोथिया में समापन किया,समता सैनिक दल के मीडिया मार्शल अंकित देशभ्रतार, प्रदेश मीडिया प्रभारी मंगेश गजभिए ने बताया की समता सैनिक दल के मार्शल जयप्रकाश बागड़े जिला छिंदवाड़ा संगठन, मार्शल पंजाब गजभिये, जिला पांढुर्णा संगठक के नेतृत्व में यहाँ बाइक मार्च निकाला गया,ग्राम बोथिया में समपन कार्यक्रम में संबोधन में जिला भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत ने कहा हमें हमारे पूर्वजों के इतिहास को पढ़ना चाहिए साथ ही हमारे बच्चों को भी पढाना चाहिए। इस दौरान सिद्धार्थ बागड़े, मार्शल प्रदीप गजभिये, बुद्धराज शेंडे, संजीवनी देशभ्रतार, सुहानी देशभ्रतार, रितेश गौरखेड़े, प्रवीण वहाने ,सिद्धार्थ बागड़े, सुदामा बागड़े, कोमल वानखड़े, प्रशांत फूसे, योगराज ढोके, निखिल निकोसे, नेहा बागड़े, प्रतीक्षा गोलाइत मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री ने जैविक कृषि के उत्पादों की सराहना की



**छिंदवाड़ा.** म.प्र. के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिला केंद्रों पर आम लोगों को स्वास्थ्य वर्धक फल , सब्जी और अनाज आसानी से उपलब्ध हो इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय सब्जी मंडी में जैविक कृषि उत्पादों के विक्रय केंद्र का शुभारंभ किया गया । जिसमें जिले भर के जैविक कृषि करने वाले कृषकों को स्थान दिया गया । इसी कड़ी में सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरीं को प्रथम स्टॉल के लिए चयनित किया गया । मध्यप्रदेश शासन के एवं जिला प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने इस हाट बाजार का शुभारंभ किया । इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष शेषराव यादव , नगर निगम महापौर विक्रम आहाके , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी , विशेष कर्तव्य निष्ठ अधिकारी मुख्य मंत्री कार्यालय राहुल सिंह ,जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण , उप संचालक कृषि जितेंद्र सिंह , जिला पुलिस अधीक्षक अजय पांडे , उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग डॉ. पक्षवार , जिले भर के भाजपा नेता और गणमान्य नागरिकों ने पूज्य बापूजी के खजरीं आश्रम के जैविक कृषि उत्पादों की जमकर सराहना कर स्वास्थ्य वर्धक उत्पादों का क्रय कर लोगों को प्रेरित भी किया ।

## नये वर्ष से नवीन भवन में प्रारंभ हुआ एसडीएम कार्यालय

# 108 वर्षों बाद मिला एसडीएम को कार्यालय भवन

### पूजा अर्चना के बाद किया भवन में प्रवेश, पूरी सुविधाओं से लैस है भवन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पिछले 100 वर्षो से अधिक समय से तहसील कार्यालय में संचालित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/दंडाधिकारी कार्यालय को नये वर्ष में आखिरकार स्वयं का भवन मिल ही गया। नये वर्ष के अवसर पर एसडीएम वारासिवनी का पूरा स्टाफ अब तहसील कार्यालय के बाजू में बने हुए नवीन भवन में शिफ्ट हो गया है। जिससे अब पक्षकारों को अपनी समस्याओं को लेकर एसडीएम से मिलने में आसानी होगी और कार्यालय में बाबूओं को भी काम करने में आसानी होगी।

इस नये भवन को कर्मचारियों द्वारा फूल मालाओं व गुब्बारे से सजाया गया था। नवीन भवन में प्रवेश के पहले एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई और फीता काट कर भवन में प्रवेश किया गया। भवन में प्रवेश के बाद कर्मचारियों द्वारा एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया।

विदित हो कि वारासिवनी नगर में अंग्रेजों के शासन काल में शासकीय चिकित्सालय के सामने तहसील कार्यालय भवन का निर्माण किया गया था। इस भवन में एसडीएम सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक के कार्यालय संचालित हो रहे है। इसी भवन में ट्रेजरी सहित सुनवाई के लिए लाने वाले लोगों को भी रखने के लिए हवालात बने हुए है। एक ही स्थान पर सभी कार्यालय संचालित होने से कई बार एसडीएम कार्यालय में कार्य करने में परेशानी उठानी पड़ती थी। जिसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश शासन ने तहसील कार्यालय के बगल की खाली भूमि पर एसडीएम कार्यालय के लिए भवन निर्माण का निर्णय लिया था। जिसके लिए 131 लाख रुपये की लागत तय कर तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 22 फरवरी 2023 को प्रदेश तत्कालीन राज्य मंत्री आयुष स्वतंत्र प्रभार व जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता, गोविंद सिंह राजपूत मंत्री राजस्व एवं परिवहन, हरदीप सिंह डंग मंत्री नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा पर्यावरणीय व प्रभारी मंत्री बालाघाट, गौरीशंकर बिसेन अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के प्रमुख आतिथ्य तथा डॉ ढालसिंह बिसेन सांसद बालाघाट-सिवनी, प्रदीप जायसवाल विधायक वारासिवनी, सम्राट सिंह सरस्वार अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट, श्रीमती माया उइके अध्यक्ष जनपद पंचायत वारासिवनी व श्रीमती सरिता मनोज दांदरे अध्यक्ष नगरपालिका वारासिवनी के विशिष्ट आतिथ्य में निर्माण कार्य की आधारशिला रखी थी।

## अधूरी पड़ी नल-जल योजना की दे दी गई एनओसी-

# तिरोड़ी में मिल रहा दूषित पानी: ग्रामीणों में उल्टी, दस्त और पेट दर्द की बन रही समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पानी पीने से करीब दर्जनभरb से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 200 से अधिक लोग अस्पतालों में भर्ती हैं। मीडिया रिपोर्ट बताती है कि करीब 14 सौ से अधिक लोग अब भी संक्रमित है। जिनका उपचार जारी है। इस घटना ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा और ऐसी ही घटना बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत तिरोड़ी में किसी भी दिन घटित हो सकती है। ऐसा इसीलिए क्योंकि तिरोड़ी ग्राम पंचायत भी अपने गांव के ग्रामीणों को दूषित पानी की सप्लाई कर रही है। गांव में हर घर नल-जल योजना से मिलने वाले पानी के साथ दूषित पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। स्टेट बैंक के पास से बहने वाले गंदे नाले से होकर गुजर रही पेयजल की मुख्य पाईप लाइन क्षतिग्रस्त है जिसके जरिए नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंच रहा है। जिससे ग्रामीणों को उल्टी, दस्त, पेट दर्द और डिहाइड्रेशन की समस्या आ रही है। वार्ड क्रमांक 13 निवासी फिरोज पिता नूर खान बताते है कि दूषित पानी पीने से उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। चिकित्सक ने पानी उबालकर पीने की सलाह दी। वह बताते है कि घर में अन्य लोग भी आए दिन बीमार होते ही रहते है। वह पोषण की कमी और कमजोरी से जूझ रहे है।

करीब 10 हजार की आबादी वाली ग्राम पंचायत तिरोड़ी में पेयजल के लिए 1 नहीं बल्कि दो पेयजल योजनाएं है। इन योजनाओं पर कुल 08 करोड़ रुपए से भी अधिक की सरकारी राशि खर्च की गई है। 05 करोड़ 29 लाख रुपए मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना पर खर्च हुए है। इस योजना के तहत बम्हनी बावनथड़ी नदी से तिरोड़ी तक पानी पहुंचाया जाना है। वहीं करीब 03 करोड़ रुपए से भी अधिक की धनराशि केंद्र सरकार की अतिमहत्वकांक्षी हर घर नल-जल योजना के जरिए खर्च हुई है। यह दोनों ही योजनाएं कागजों में पूर्ण हो चुकी है किंतु जमीन पर आज तक अधूरी ही पड़ी है। कथित तौर पर सरपंच फौजिया खान और पंचायत सचिव ने पेयजल योजना के ठेकेदारों से सांठगांठ कर योजनाओं के अधूरे होने के बाद भी ठेकेदार को कार्य पूर्णतः प्रमाण पत्र जारी कर दिया। जिससे ठेकेदार को विभाग ने भुगतान कर दिया है। चर्चा है कि मुख्यमंत्री जल आवर्धन योजना का कार्य करने वाले ठेकेदार के द्वारा अधूरी पड़ी योजना को पूर्ण बताकर तत्कालीन सरपंच आंनद बरमैया से एनओसी की मांग की रही थी। ठेकेदार बदले में सरपंच को मुंह मांगी रकम देने के लिए भी तैयार था किंतु सरपंच ने ग्रामीणों के हितों को ध्यान में रखकर अधूरी योजना की एनओसी जारी करने से साफ इंकार कर दिया था किंतु मौजूदा वक्त में अधूरी योजना की एनओसी जारी कर दी गई हैं। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ठेकेदार और सरपंच के साथ लेन-देन हुआ है। फिलहाल, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को तिरोड़ी गांव की दोनों ही पेयजल योजनाओं की जांच करने की जरूरत है ताकि योजनाओं के पूर्ण होने की वास्तविक स्थिति सभी के सामने आ सकें और अगर ठेकेदार को अधूरे निर्माण में ही एनओसी जारी की गई है तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस पूरे मामले में पंचायत के सरपंच, सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री, एसडीओ और सहायक यंत्री की भूमिका संदिग्ध है।

## सॉईं की रसोई में सेवा भाव के साथ हुआ महाप्रसाद वितरण

# साईंधाम झालीवाड़ा में गौरव सिंह पारधी ने साईनाथ महाराज के दर्शन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** साईंधाम झालीवाड़ा में साईं मंदिर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी ने सपरिवार साईनाथ महाराज के दर्शन कर विधिवत पूजा.अर्चना की। उन्होंने बाबा के चरणों में क्षेत्रवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और आपसी सद्भाव के लिए प्रार्थना की। दर्शन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और धार्मिक वातावरण बना रहा। विधायक की सहभागिता से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ी, श्रद्धालुओं ने इसे सौभाग्यपूर्ण क्षण बताया।

ग्राम साईंधाम झालीवाड़ा में साईं मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक उत्सव श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में भक्तमाल कथा, पूजा, अर्चना और विविध धार्मिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए गए। परंपरा के अनुसार नववर्ष के प्रथम दिवस साईं बाबा के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने दर्शन कर महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में साईं मंदिर ट्रस्ट, सेवादल और ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नववर्ष के प्रथम दिवस आयोजित साईं बाबा के विशाल भंडारे में विधायक गौरव सिंह पारधी ने साईं की रसोई में पहुंचकर श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरण की सेवा की। उन्होंने स्वयं पंक्ति में खड़े होकर भक्तों को प्रसाद वितरित किया और सेवा भाव के साथ आयोजन में सहयोग किया। श्रद्धालुओं और सेवादल द्वारा विधायक की इस सेवा भावना की सराहना की गई।

साईं मंदिर ट्रस्ट के अनुसार विधायक गौरव सिंह पारधी विगत 16 वर्षों से साईं बाबा के भंडारे एवं वार्षिक उत्सव में निरंतर सहयोग करते आ रहे हैं। उनका यह सहयोग धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सहभागिता का भी उदाहरण है, जिसकी क्षेत्रवासियों ने सराहना की।

## विधायक विवेक विक्की पटेल हुए शामिल

# ग्राम मदनपुर में भागवत कथा का हुआ समापन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर में श्री संगीतमय भागवत महापुराण कथा में विधायक विवेक विक्की पटले ने पहुँच कर वृंदावन धाम से पधारी कथा वाचिका प्रियंका किशोरी का आर्शीवाद प्राप्त किया। कथा वाचिका ने भगवान श्रीराम और शिव-माता पार्वती विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि माता पार्वती ने राजा हिमालय के यहां जन्म लिया था। माता पार्वती बचपन से ही भगवान भोलेनाथ को मानती थी, इसलिए भोले बाबा का विवाह पार्वती जी के साथ हुआ। कथा के दौरान श्रद्धालुगण भी धार्मिक भजनों पर नृत्य करते रहे। जिसके बाद भगवान शिव और माता पार्वती विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद सजीव झाँकिया भी सजाई गई थी, जो आकर्षण का केंद्र रही।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मंडई मेले का माहौल चल रहा हैं। उसके बाद भी ग्राम मदनपुर में भागवत कथा के माध्यम से ज्ञान की गंगा बह रही है। ग्राम मदनपुर पूरा भक्तिमय हो गया हैं। हमारे क्षेत्र में बारिश के समय कुछ गांव में बाढ़ भी आ जाती हैं, जिससे किसानों की फैसले खराब हो जाती हैं, फिर भी किसान दुबारा मेहनत करके उस फसलों को उगाता है और अपने परिवार का जीवनयापन करता हैं। फिर भी सरकार किसानों की मेहनत का दाम नहीं दे पाती है।

# किरनापुर के पत्रकारों ने आदिवासी अंचलों में कंबल, ब्लांकेट व बच्चों को बांटे कपड़े

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



विकास खण्ड किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बक्कर के ग्राम बोरबन व सीतापार जैसे ग्रामीण अंचल में पत्रकारों तहसील अध्यक्ष मदन मोहन पाराशर व उपाध्यक्ष देवेंद्र गोंडाने ने ज़रूरतमंदों की मदद के लिए कंबल और बच्चों के लिए कपड़े बांटे हैं, खासकर ठंड के मौसम में, जिससे गरीब और असहाय लोगों को राहत मिली है; यह पहल कई स्थानों पर पत्रकारों और सामाजिक संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से की जा रही है, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है,

पत्रकारों ने अपने स्तर पर और सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर ठंड में जरूरतमंदों की मदद की। कंबल, गर्म कपड़े और बच्चों के लिए वस्त्र बांटे गए।

यह कार्य बोरबन व सीतापार के ग्रामीण इलाकों जैसे आदिवासी क्षेत्रों में किया गया है। बढ़ती ठंड से गरीब और असहाय लोगों को बचाना और उन्हें राहत पहुंचाना।

किरनापुर के समाजसेवी व पत्रकारों ने सक्रिय सहयोग दिया और स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पत्रकारों ने कंबल वितरण किया, जिससे कई परिवारों को ठंड से बचाव मिला।

आदिवासी अंचल ग्राम पंचायत बक्कर के ग्राम बोरबन व सीतापार के आदिवासियों को कंबल, गर्म कपड़े और अन्य सामग्री बांटी, जिसमें 90 वर्षीय वृद्धा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह दर्शाता है कि पत्रकार सिर्फ खबरें ही नहीं दिखाते, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे भी आते हैं।इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम पंचायत बक्कर के सचिव बसंत कुमार मातरे व मेंट, व पंचायत का चपरासी का सहयोग सराहनीय रहा।

## खबर संक्षेप

### एसई से मिला अधिकारी -कर्मचारी दिव्यांग संघ

पूर्व क्षेत्र बिजली कंपनी सिवनी के नए अधीक्षण अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम से मप्र विद्युत मण्डल अधिकारी कर्मचारी दिव्यांग संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। संघ के अध्यक्ष इंजी.नरेन्द्र सिंह ठाकुर, सचिव अल्हाज असदउल्ला खान, लोकेश ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह गौर ने अधीक्षण अभियंता से अपेक्षा जताई है कि उनके द्वारा अधीनस्थ अधिकारियों,कर्मचारियों के साथ-साथ दिव्यांग, असहाय पीड़ितों व उपभोक्ताओं को मण्डल व शासन की नीति-रीति अनुरूप सहयोग प्रदान करेंगे।



# पागल कुत्ते का आतंक, बुजुर्ग महिला के घर में घुसकर किया जख्मी, सिवनी हॉस्पिटल में भर्ती

**आजकल प्रशासन की नजरों मे इंसान से ज्यादा जानवर की कीमत हो गई है जब बड़ी घटना घटती तब सत्ता की नींव हिलती है ,तब प्रशासन जगता , है तब कहीं बड़ी कार्रवाई कर नियम कानून पर अमल किया जाता है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



सत्ता के गलियारियों में सिर्फ बड़े बिजनेसमैन एवं अमीर आदमी का बोलबाला है एक साधारण गरीब परिवार पर होने वाली घटना उनके लिए कीड़े मकोड़े की तरह है ,कोई संवेदना नहीं ,कोई प्रतिक्रिया नहीं ऐसी ही घटना वर्तमान में बरघाट विधानसभा के ग्राम गंगेरूवा (धपारा )में देखने को मिल रही है जहां कई दिनों से बाजार चौक में आवारा कुत्तों का जमघट रहता है इस क्षेत्र में कई चिकन, अंडों की दुकान है जहां पर कुत्तों का हमेशा ही जमघट रहता है, इसके दो वर्ष पूर्व भी एक महिला की मौत कुत्तों के काटने से हुई पिछले सत्र एक पागल कुत्ते ने 30 40 लोगों को काटा था। वर्तमान में भी एक पागल कुत्ते ने कई लोगों को घायल कर दिया है ,यहां तक की एक बुजुर्ग महिला बसंती बाई चौधरी पति रामलाल चौधरी के घर घुसकर महिला को जख्मी कर दिया अभी महिला सिवनी हॉस्पिटल में भर्ती है । इस घटना पर किसी भी जनप्रतिनिधि को कोई अफसोस नहीं है ,पता नहीं किसकी मौत का इंतजार कर रहे हैं?? ग्राम वासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्दी से जल्दी इस जगह में हो रही दुकानों से हो रही गंदगी को हटाया जाए आवारा कुत्तों पर अंकुश लगाया जाए। मांग नहीं पूरी होने पर ग्राम वासियों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी

# दलसागर तालाब के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में दलसागर तालाब के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने दलसागर तालाब के पास एक व्यक्ति को बेहोशी की हालत में पड़ा देखा था। जब काफी देर तक कोई हलचल नहीं हुई तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की, जिसमें व्यक्ति की मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल लखनादौन भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।मृतक की तस्वीर अन्य थाना क्षेत्रों में भी भेजी गई है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति उसे पहचानता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दे। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार तिवारी ने बताया- बस स्टैंड से सटे दलसागर तालाब के पास करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है और जांच की जा रही है।



# ग्राम अलोनियों में नलों से आ रहा गंदा दूषित पानी

जिले की जीवनदायिनी मां बैनगंगा नदी में बने संजय सरोवर भीमगढ़ बांध से संचालित होने वाली ग्रामीण समूह पेयजल योजना के अंतर्गत ग्राम अलोनियों में इन दिनों नलों से गंदा दूषित पानी प्रदान किया जा रहा है जिससे ग्राम में जानलेवा बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

उल्लेखनीय होगा कि भीमगढ़ जलाशय से सिवनी शहर को पेयजल सप्लाई करने हेतु नवीन जलावर्धन योजना एवं पुरानी जलावर्धन योजना चल रही है तो वहीं लगभग एक सैकड़ा ग्रामों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण समूह पेयजल योजना ग्रामीण लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा संचालित की जा रही है। इस योजना में बंडोल और उसके आसपास के ग्रामों को शामिल किया गया है जिसमें ग्राम अलोनिया भी शामिल है, जहां पर पेयजल सप्लाई की जाती है।



विगत कुछ दिनों से ग्राम पंचायत अलोनिया के अंतर्गत ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत नलों से दूषित पेयजल सप्लाई की जा रही है। आलम यह है कि मटमेला पानी नालो से आ रहा है, जो बर्तन की सतह में जम रहा है इसके अलावा पानी में अजीब से दुर्गंध आती है। इस तरह से दूषित पानी आने से ग्राम में बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।

ग्राम पंचायत के पंच और ग्रामीणों के द्वारा पीएचई विभाग और नल जल योजना का संचालन करने वाले सप्लायर सहित ग्राम पंचायत को भी इस संबंध में अवगत कराया गया कि विगत तीन दिनों से नलों से बहुत ही गंदा पानी आ रहा है लेकिन सूचना देने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है।

प्रदेश के इंदौर नगर निगम के अंतर्गत दूषित पानी सप्लाई होने और उस पानी को पीने के कारण बीमारी फैलने से दर्जन भर लोगों की मृत्यु हो गई तो वहीं अभी भी कई लोग बीमार पड़े हुए है। उक्त घटना से भी संबंधित विभाग ने सीख नहीं ली और सूचना देने के बाद भी सुधार करने की ओर ध्यान नहीं दे रही है।

# खड़े ट्रक से टकराई मोटर साइकिल एक ही परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत

कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रिड्डीटेक में गुरुवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। सड़क किनारे खराब अवस्था में खड़े ट्रक से मोटरसाइकिल टकराने के कारण बाइक पर सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में पति-पत्नी सहित उनके दो मासूम बच्चों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कुरई थाना प्रभारी कृपाल शाह टेकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि खवासा निवासी परमानंद वरकड़े (45 वर्ष), उनकी पत्नी गीता वरकड़े (42 वर्ष), बेटी माही (8 वर्ष) एवं बेटा दीपांशु (4 वर्ष) मोटरसाइकिल से खवासा से सिवनी की ओर आ रहे थे। शाम करीब 8 बजे ग्राम रिडडीटेक के पास सडक़ किनारे खराब हालत में खड़े ट्रक वाहन क्रमांक एमपी 09 एचएफ 4074 से उनकी मोटरसाइकिल जा टकराई।

हादसा इतना भीषण था कि चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस से सभी को कुरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद सभी को मृत घोषित कर दिया।

### मासूमों की मौत से गांव में पसरा मातम

एक ही परिवार के चार लोगों की मौत की खबर जैसे ही खवासा गांव पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। माता-पिता के साथ दो मासूम बच्चों की असमय मौत से हर आंख नम हो गई। गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



घटना के बाद सडक़ किनारे बिना किसी चेतावनी संकेत के खड़े ट्रक को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रारंभिक तौर पर ट्रक चालक की लापरवाही सामने आ रही है, जिसने खराब वाहन को सडक़ पर खड़ा कर न तो कोई संकेत लगाया और न ही सुरक्षा इंतजाम किए।

कुरई पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि ट्रक कितनी देर से सडक़ पर खड़ा था और चालक ने यातायात नियमों का पालन किया या नहीं।

### सडक़ सुरक्षा पर फिर उठा सवाल

इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सडक़ सुरक्षा और लापरवाह वाहन खड़े करने की समस्या को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सडक़ किनारे खराब वाहनों को बिना संकेत खड़ा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# कामधेनु गौशाला बगलई: जिले की सर्वाधिक सुव्यवस्थित गौशाला -कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बगलई-कोहका स्थित कामधेनु गौशाला का शुक्रवार, दिनांक 2 जनवरी 2026 को जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा औपचारिक एवं सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक स्तर का समस्त प्रशासनिक अमला उनके साथ उपस्थित रहा।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदया ने गौशाला की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, गौवंश की देखभाल, चारा प्रबंधन, दूध एवं खाद उत्पादन जैसी गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया। गौशाला की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर कलेक्टर महोदया ने कामधेनु गौशाला बगलई को जिले की सबसे व्यवस्थित एवं अनुकरणीय गौशालाओं में से एक बताया। गौशाला समिति द्वारा कलेक्टर महोदया का पारंपरिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया। समिति के वरिष्ठजनों की ओर से गौशाला अध्यक्ष श्री राजेश सिंह बघेल, संरक्षक एवं सचिव श्री जैन जी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात गौशाला सचिव श्री सुरेंद्र साहू जी द्वारा सद्विचारों से युक्त टेबल कैलेंडर एवं गौशाला के कार्यों को दर्शाने वाला मुद्रित थैला स्मृति-चिन्ह के रूप में भेंट किया गया।



निरीक्षण के क्रम में अध्यक्ष श्री राजेश सिंह बघेल द्वारा गौशाला की समस्त गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें गोवंश की संख्या, बीमार एवं निराश्रित गौवंश की सेवा, भूसा एवं चारा व्यवस्था, ग्रामीण जनों का सहयोग, दानदाताओं को जोड़ने के प्रयास तथा गौशाला की स्वावलंबन दिशा में किए जा रहे कार्य सम्मिलित रहे।

कलेक्टर महोदया ने गौसेवकों के समर्पण एवं सेवा भावना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए स्वयं अपने हाथों से गौमाता को हरी घास खिलाई। साथ ही गोबर के सदुपयोग हेतु गौ-काष्ठ (गोबर से लकड़ी) निर्माण की मशीन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया, जिससे गौशाला की आय एवं पर्यावरण संरक्षण दोनों को बल मिलेगा। उन्होंने गौशाला को भविष्य में सभी संभव सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

इस गरिमामयी अवसर पर एसडीएम केवलारी श्री महेश अग्रवाल, तहसीलदार श्री मेश्राम, ब्लॉक वेटनरी ऑफिसर कु. नीता मैडम, नगर परिषद निरीक्षक श्री धीरेंद्र पुषाम, इंजीनियर श्री मयंक बघेल, एमपीईबी से श्री तिवारी, सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गौशाला समिति से संरक्षक श्री (पप्पू) जैन, सचिव श्री सुरेंद्र कुमार (छोटू) साहू, पार्षदगण श्री राममिलन कुर्वेति, श्री पुरुषोत्तम बघेल, श्री स्वराज बघेल, श्रीमती साधना दारा सिंह जंघेला, भामाशाह श्री दुर्गाप्रसाद साहू, श्री उत्कर्ष साहू, जैन समाज से कृष्ण कुमार (भीकू भैया) जैन, गायत्री परिवार के तहसील समन्वयक श्री विनोद बर्मन, कार्यालय प्रभारी श्री श्रीकांत साहू, श्री गजेंद्र पटले, श्री तीरथ यादव, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं समस्त गौशाला कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में गौशाला समिति एवं समस्त ग्रामीणजनों द्वारा कलेक्टर महोदया से पुनः गौशाला पधारने का आग्रह किया गया। यह निरीक्षण न केवल गौशाला के लिए उत्साहवर्धक रहा, बल्कि गौसेवा एवं आत्मनिर्भर गौशाला की दिशा में एक प्रेरणास्त्रोत सिद्ध हुआ।

# एक स्वर में उठी उपतहसील भवन निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पेसा एक्ट के तहत आयोजित विशेष ग्राम सभा में सुकतरा और आसपास के ग्रामीणों का वर्षों पुराना दर्द शुक्रवार को खुलकर सामने आया। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण एक मंच पर नजर आए और एक स्वर में मांग उठी उपतहसील भवन का निर्माण ग्राम पंचायत सुकतरा के खसरा क्रमांक 55 में ही किया जाए। ग्राम सभा में नायब तहसीलदार दामोदर दास दुवे, हल्का पटवारी राजीव सनोदिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, जिला पंचायत सदस्य तेजसिंह रघुवंशी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष देवेंद्र राहंगडाले, समाजसेवी नरेश चौरसिया, ग्राम पंचायत सरपंच सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि खसरा क्रमांक 55 शासकीय भूमि है, जहां पहले से अन्य शासकीय भवन निर्मित एवं निर्माणाधीन हैं। इसके बावजूद उपतहसील भवन निर्माण में हो रही देरी ग्रामीणों के धैर्य की परीक्षा ले रही है। ग्राम सभा में यह भी बताया गया कि तहसीलदार न्यायालय कुरई द्वारा 22 जनवरी 2024 एवं 27 मई 2025 को दावे–आपत्तियों के लिए ईश्तहार जारी किए गए थे, परंतु निर्धारित समय सीमा में किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं हुई। ग्राम सभा ने निर्णय लिया कि यदि किसी कारणवश खसरा क्रमांक 55 में निर्माण संभव नहीं होता है, तो ग्राम पंचायत क्षेत्र की शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 250 को विकल्प के रूप में चुना जाए, किंतु प्राथमिकता खसरा क्रमांक 55 को ही दी जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उपतहसील भवन निर्माण को लेकर ठोस एवं समयबद्ध निर्णय नहीं लिया गया, तो ग्राम सभा जनआक्रोश के तहत आंदोलनात्मक कार्यवाही करने को बाध्य होगी।



# ई-टोकन प्रणाली से अब पारदर्शी और समयबद्ध रूप से मिलेगा उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कृषकों को समय पर, पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा ई-टोकन एवं उर्वरक वितरण प्रणाली लागू की गई है। इस नई व्यवस्था के माध्यम से किसान अब अपने मोबाइल फोन से ही उर्वरक हेतु ई-टोकन जारी कर सकेंगे और अपनी सुविधा अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। उप संचालक कृषि श्री एस के धुर्वे ने बताया कि कृषक भाई **https://mpkrishi.org** अथवा **https:// etoken. mpkrishi.org** लिंक पर जाकर ई-विकास प्रणाली के माध्यम से लॉग-इन कर सकते हैं। इसके लिए आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी सत्यापन करना होगा। लॉग-इन के पश्चात पोर्टल पर एग्री स्टैक (फार्मर आईडी) से कृषक की कृषि भूमि स्वतः अपडेट हो जाएगी। इसके बाद कृषक को बोई जाने वाली फसल, रकबा एवं मौसम का चयन करना होगा। पोर्टल पर दी गई जानकारी के आधार पर संबंधित फसल एवं भूमि के अनुसार आवश्यक उर्वरक की गणना स्वतः हो जाएगी। इसके पश्चात मार्कफेड, एम.पी. एग्रो, विपणन समिति एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास उपलब्ध उर्वरक स्टॉक की जानकारी कृषक को दिखाई देगी। कृषक अपनी सुविधा अनुसार किसी भी विक्रेता का चयन कर ई-टोकन जारी कर सकता है। ई-टोकन जारी होने के बाद कृषक चयनित उर्वरक विक्रेता से निर्धारित समयावधि (03 दिवस) के भीतर उर्वरक प्राप्त कर सकेंगे। इस प्रणाली से उर्वरक वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी, कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा और कृषकों को समय पर उचित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। प्रशासन ने सभी कृषक भाइयों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में ई-टोकन प्रणाली का उपयोग करें और समय पर अपनी फसल के लिए आवश्यक उर्वरक प्राप्त करें।

# उगली में निरीक्षण के उपरांत खरीफ की फसल धान उपार्जन केंद्रो पर पहुंचकर क्षेत्रीय समस्याओं से रूबरू हुई. कलेक्टर

**सोनखार ( प्रदीप तिवारी)-** गत दिवस सिवनी जिले की नवागत कलेक्टर महोदय श्रीमती शीतला पटले अपने एक दिवसीय आकस्मिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा केवलारी की उप तहसील उगली क्षेत्र की अपने जिले की अंतिम सीमा बॉर्डर के निरीक्षण के उपरांत खरीफ की फसल धान उपार्जन केंद्रो पर पहुंचकर क्षेत्रीय समस्याओं से रूबरू हुई. कलेक्टर महोदय का अपने सिवनी जिले में पद स्थापना के पश्चात यह भ्रमण कार्यक्रम प्रथम बार ही हुआ



जिसको लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने में अपने क्षेत्र की ज्वलंतशील मुद्दों के ऊपर आवेदन देकर मैडम जी से ध्यान आकर्षित करने का आग्रह किया, जिसको गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर महोदय के द्वारा इन समस्याओं को शीघ्र निराकरण के संबंध में आश्वासन दिया गया,कलेक्टर महोदय के द्वारा कार्यक्रम में विधानसभा केवलारी के समस्त विभागों के अनुविभागीय अधिकारी, एसडीएम महेश अग्रवाल नायब तहसीलदार दीक्षा वासनिक थाना प्रभारी उगली सदानंद गोदेवार मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री लाखरा जी पी डबल्यु डी बी एस परतेती सीईओ जनपद सीईओ प्रांजल पाठक एवं पीएचसी, शिक्षा विभाग से ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संबंधित विभागों के सभी कार्य प्रमुख उपस्थित रहे.

कलेक्टर मेडम दोपहर बार उगली विश्राम गृह पर लंच करने के बाद सरेखा, पां. छपारा क्षेत्र में पहुंचकर उपार्जन केंद्रों का निरिक्षण करते हुए, दोरेंदा बार्डर होते हुए अपने मुख्यालय के लिये रवाना हुई.

# बाधी-मनौरी गांव में 60 बोरियों से बना जल संरक्षण बांध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बदलते मौसम चक्र और हर वर्ष गहराते जल संकट को देखते हुए गर्मियों में पानी की कमी से निपटने के लिए ग्राम बाधी एवं मनोरी में जल संचय अभियान के अंतर्गत बोरी बंधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया।कार्यक्रम में जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला, ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया, ग्राम पंचायत सचिव तरुण सनोडिया, निर्मल सनोडिया, वीरेंद्र डेहरिया, अनिल यादव, सुरेंद्र डेहरिया, मैटर, राहुल पांडे, सुधीर कुमार ठाकुर, श्रीमती कविता बेले, श्रीमती रुक्मणी सनोडिया सहित नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शहरी एवं ग्रामीण विकास संस्थान सिवनी के बद्रीप्रसाद सनोडिया, तरुण उईके, छत्रपाल सनोडिया, प्रदीप इनबाती, सुमरबती मर्सकोले, सुदामा विश्वकर्मा, तोड़े बेलवंशी, सतीश यादव एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान नाले पर 60 बोरियों से अस्थायी बांध का निर्माण किया गया। श्रमदान के माध्यम से नाले में बहते वर्षा जल को रोका गया, जिससे भू-जल स्तर में वृद्धि हो सके। ग्रामीणों ने जल संरक्षण को अपना सामाजिक दायित्व बताते हुए सक्रिय भागीदारी निभाई।ग्रामीणों ने बताया कि बोरी बंधान से वर्षा जल का संचयन होने पर आसपास के कुएं और हैंडपंपों का जलस्तर बढ़ेगा, जिससे गर्मियों में पेयजल संकट से राहत मिलेगी। इसके साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा और मवेशियों की जरूरतें भी पूरी होंगी।ब्लॉक समन्वयक मोनिका चौरसिया ने कहा कि बोरी बंधान जल संरक्षण का कम लागत में प्रभावी और जरूरी समाधान है, जिससे जल उपलब्धता बढ़ेगी और लोगों को जल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। वहीं जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला ने कहा कि सीमित संसाधनों में भी इस तकनीक को अपनाकर ग्रामीण जल संकट से काफी हद तक निजात पा सकते हैं। यदि हर गांव में इस तरह के छोटे-छोटे प्रयास किए जाएं, तो बड़े स्तर पर जल संरक्षण संभव है।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं से अपील की गई कि वे अपने गांव, खेत और आसपास के जल स्रोतों को बचाने के लिए आगे आएं, ताकि भविष्य के लिए पर्याप्त जल संरक्षित किया जा सके।

## जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोंटू भूरा के नेतृत्व मे

# कैलाश विजयवर्गीय के बयान के विरोध में पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर आज जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री आदित्य मोंटू भूरा के नेतृत्व में इंदौर के भागीरथपुरा में हुई दर्दनाक घटना एवं स्थानीय शासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिए गए असंवेदनशील बयान के विरोध में पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दूषित पानी सप्लाई से हुई मौतों पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों को न्याय दिलाने की मांग की तथा इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार महापौर, संबंधित पार्षद एवं मंत्री की जवाबदेही तय कर उन्हें पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की।



**उपस्थित रहे:** सिवनी विधानसभा अध्यक्ष नितिन डेहरिया, सागर सिंह मरकाम, अभिषेक बबलू डेहरिया, सोहेल अमन खान, ऋषभ ठाकुर, पंडित प्रखर शर्मा, अंशुला अवस्थी, भावेश वर्मा, बसंत कटरे, धनंजय सिंह, सिद्धू लाहौरी, गणेश भगत, अंकित उइके, राकेश बघेल, सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### मिलर्सों ने काम करने से किया इंकार, पहले पिछला भुगतान, तब होगा काम

## अनुबंध नहीं होगा, भेज दो चाहे जेल में!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में धान उपार्जन 1 दिसंबर से शुरू हो चुका है, लेकिन राइस मिलर्स ने अब तक मिलिंग के लिए अनुबंध नहीं किया है। मिलर्स ने स्पष्ट किया है कि पिछले दो सालों की बकाया राशि का भुगतान न होने तक वे मिलिंग का कार्य शुरू नहीं करेंगे।

प्रशासन ने शासन के निर्देश पर सख्ती दिखाते हुए मिलिंग के भौतिक सत्यापन के साथ ही अनुबंध न करने वाले मिलर्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। इससे जिले के मिलर्स में चिंता है, और वे लगातार अपनी मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं। मिलर्स ने यहां तक कहा है कि प्रशासन चाहे तो उन्हें जेल में डाल दे या उनकी मिलों पर ताला लगा दे।

शुक्रवार को मिलर्स तीसरी बार कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। उन्होंने प्रशासन से वर्ष 2023-2024 और 2024-2025 में हुई मिलिंग, परिवहन और बारदाने की करोड़ों रुपए की बकाया राशि के भुगतान की मांग की।

जिला राइस मिल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आनंद ठाकरे ने कहा कि यदि मिलिंग की बकाया राशि नहीं मिलेगी, तो वे मिल नहीं चला सकते। उन्होंने बढ़ती मजदूरी और बिजली दरों का हवाला दिया। प्रशासन द्वारा अनुबंध न करने वाले राइस मिलर्स की भौतिक जांच की जा रही है, जिसके बाद उन्होंने बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दोहराया कि जब तक यह राशि नहीं मिलेगी, मिलिंग नहीं की जाएगी।

### आधुनिक मशीनों से हो रहा अवैध कटाई का कार्य, जिम्मेदारों का नहीं जा पा रहा ध्यान

## लालबर्रा क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

लालबर्रा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों एवं वन से लगे ग्रामों में वर्तमान दिनों मे हरे भरे पेड़ों को आधुनिक मशीनों से खुलेआम काटा जा रहा है ना तो कटाई की परमिशन ली जा रही है, और ना ही लकड़ी परिवहन के लिए ग्राम पंचायत के पोर्टल से डिजिटल पास लिया जा रहा है। जानकारी मिल रही है कि ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रमाण पत्र से ही लकड़ी की अवैध कटाई और परिवहन का काला खेल प्रशासन की नाक के नीचे चल रहा है लेकिन लगाम नहीं लगाई जा रही है हरे भरे पेड़ों और विशालकाय वृक्षों की अवैध कटाई से पर्यावरण को भारी खतरा बताया जा रहा है।



### सड़कों पर दौड़ रहे ट्रैक्टर

लालबर्रा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों और वन परिक्षेत्र से लगे ग्राम मे हरे भरे पेड़ों की कटाई आधुनिक मशीनों से बेरोकोक टोक चल रही है लकड़ी के काले कारोबारी बिना दर्पण पोर्टल के डिजिटल पास के प्रतिदिन लालबर्रा की आरा मिलों में ट्रैक्टरो से लकड़ी चिरान करने जा रही है लेकिन स्थानीय प्रशासन राजस्व और वन विभाग का लकड़ी से भरे सड़क पर दौड़ते वाहनों पर ध्यान नहीं जा रहा है.. संबंधित विभागों द्वारा निरीक्षण और कार्रवाई के अभाव में लकड़ी के काले कारोबारी द्वारा खुलेआम लकड़ी का काला कारोबार किया जा रहा है समय रहते इन काले कारोबारी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वन और पर्यावरण का संतुलन बिगड़ेगा क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमियों ने राजस्व और वन विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि बिना अनुमति पेड़ों को काटने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, कारवाई होने से अवैध कटाई पर लगाम लगाई जा सकती है प्रशासन इस ओर ध्यान दें ग्रामीण अंचल मे अवैध कटाई पर रोक लगाए।

### इनका कहना हैं

आपने बताया है मैं निरीक्षण करवाती हूं।

**सीता भलावी परिक्षेत्र अधिकारी ( सामान्य) लालबर्रा**

## कलेक्टर ने राईस मिलर्स के साथ धान की कस्टम मिलिंग को लेकर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग को लेकर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 02 जनवरी को जिले के राईस मिलर्स से चर्चा की। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर भी उपस्थित थे। बैठक में राईस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग के संबंध में अपनी परेशानियों से कलेक्टर को अवगत कराया और बताया कि उन्हें वर्ष 2023-24 की अपग्रेडेशन राशि का भुगतान नही हुआ है। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 की अपग्रेडेशन राशि के संबंध में कोई निर्देश जारी नही किये गए है, जिसके कारण राईस मिलर्स को धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध करने में परेशानी हो रही है।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में राईस मिलर्स द्वारा उठाई गई समस्याओं पर कहा कि इस संबंध में शासन को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने राईस मिलर्स से कहा कि वे धान की कस्टम मिलिंग के लिए शीघ्र अनुबंध करे, जिला प्रशासन उन्हें शासन के नियमों के तहत हर संभव मदद करेगा। जिले में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग जिले के मिलर्स को ही करना होगा। अतः वे इस कार्य में अनावश्यक विलंब न करें।

## जाम में हो रहा बिना अनुमति मुरूम का अवैध उत्खनन और परिवहन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।





लालबर्रा के ग्राम पंचायत जाम में शुक्रवार को मोहगांव तालाब के पास से शासन से बिना अनुमति लिए मुरूम का अवैध उत्खनन और परिवहन हो रहा था खनन स्थल पर बड़ा गड्ढा दिखाई दिया बताया जा रहा है कि मुरूम का अवैध उत्खनन और परिवहन जाम के एक बड़े नेता के द्वारा कराया जा रहा था मीडिया को जानकारी लगते ही जाम के पटवारी को मुरूम के अवैध उत्खनन की सूचना दी गई पटवारी के द्वारा कहा गया कि मैं स्थल निरीक्षण करता हूँ। आए दिन जाम के आसपास खनन माफिया द्वारा मुरूम का काला कारोबार अपने स्वार्थ के लिए किया जा रहा है जिससे राजस्व को हानि हो रही है. और जिम्मेदार विभाग है कि मुरूम मिट्टी के अवैध उत्खनन को रोकने में बेबस से दिखाई दे रहा है। क्षेत्र में क्या हो रहा है पटवारी को जानकारी नहीं रहती आखिर खनिज संपदा की हो रही लूट को रोकेगा कौन.. यह सवाल राजस्व और खनिज विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े करता है जिला प्रशासन इस ओ र ध्यान दें और बिना अनुमति हो रहे मुरूम मिट्टी के खनन पर रोक लगाए और खनन करने वाले कारोबारी पर कार्रवाई.. जब भी अवैध उत्खनन पर अंकुश लग पाएगा।

### किसानों के खाते में पहुंची 622 करोड़ रुपए की राशि

**बालाघाट।** अब तक किसानों को 622 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि उनके खाते में पहुंच गई हैं। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए 01 लाख 30 हजार 37 किसानों द्वारा अपना पंजीयन किया गया है। इसमें से 01 लाख 16 हजार 828 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग की जा चुकी है। जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही हैं। खरीदी केंद्रो से धान का उठाव कर उसे शीघ्रता से गोदामों में पहुंचाने की व्यवस्था की गई है।

### लालबर्रा एवं बालाघाट ब्लॉक में धान का परिवहन तेजी से बढ़ाने के निर्देश

## उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने की धान खरीदी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 02 जनवरी को जिला उपार्जन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने बालाघाट एवं लालबर्रा विकासखंड के केंद्रो में खरीदी गई धान का कम परिवहन होने पर नाराजगी जाहिर की और निर्देशित किया कि इन दोनो विकासखंड में खरीदी केंद्रो से धान का तेजी से उठाव किया जाए और इसके लिए वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए। अगले 02 दिनों के भीतर इन दोनो विकासखंड के केंद्रो से 90 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव हो जाना चाहिए। उन्होंने खरीदी केंद्रो पर खरीदी गई धान के बोरो की सिलाई कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने जिले में अधिग्रहित सभी गोदामों में धान का भंडारण तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिग्रहित गोदाम खाली नही रहना चाहिए।

कलेक्टर श्री मीना ने किसानों से खरीदी गई धान का शीघ्रता से भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने धान के भुगतान के संबंध में किसानों द्वारा सीएम हेल्पलाईन में की गई शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 93 हजार 452 किसानों से 46 लाख 54 हजार 210 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसमें से 35 लाख 71 हजार 520 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया जा चुका है। किसानों को भुगतान के लिए 762 करोड़ रुपए के ईपीओ जनरेट हो चुके है और इनमें से 622 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। 622 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खातों में पहुंच गई है।

बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर, उप पंजीयक सहकारी संस्थाए श्री राजेश उइके, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार, मंडी निरीक्षक श्री मनोज पटले, वेयर हाउस प्रबंधक श्री पटले एवं उपार्जन समिति के सदस्य अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


### गांव के सभी घरों में नल से पहुंचने लगा शुद्ध जल

## जल जीवन मिशन से बदली ग्राम खजरा की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 100 किलोमीटर दूर विश्व प्रसिद्ध कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के समीप स्थित ग्राम खजरा कभी पेयजल संकट से जूझता हुआ एक साधारण ग्रामीण अंचल था। इस गांव की लगभग 2000 की आबादी मुख्य रूप से कृषि एवं मजदूरी पर निर्भर है। ग्राम में कुल 5 बसाहटें हैं, जहां वर्षों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता ग्रामीणों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी रही है। लेकिन जल जीवन मिशन की योजना ने गांव के हालात बदल दिये हैं। अब गांव के प्रत्येक घर में नल कनेक्शन है और उससे ग्रामीणों को शुद्ध जल मिल रहा है।

पूर्व में खजरा के ग्रामीणों को पीने एवं दैनिक उपयोग के लिए कुएं, तालाबों एवं हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था। कई बार दूर-दराज़ से पानी लाना पड़ता था, जिससे विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यद्यपि पहले ग्राम में एक सीमित नल-जल योजना संचालित थी, लेकिन वह केवल एक बस्ती तक ही सीमित थी। समय के साथ हालात बदले और जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम खजरा को एक नई पहचान मिली। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत ग्राम की सभी बसाहटों को पेयजल आपूर्ति से जोड़ा गया। वर्ष 2021-22 में ग्राम खजरा में लगभग 01 करोड़ 15 लाख 80 हजार रुपये की लागत से यह योजना स्वीकृत हुई थी, जिसका कार्य वर्ष 04 जनवरी 2023 से प्रारंभ किया गया था।



आज स्थिति यह है कि ग्राम खजरा के हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल पहुँच रहा है। गांव में कुल 380 नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं और ग्राम को "हर घर जल" प्रमाणित किया जा चुका है। अब ग्रामीणों को पानी के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता है, जिससे उनका समय बच रहा है और वे अपने अन्य कार्यों पर अधिक ध्यान दे पा रहे हैं। जल जीवन मिशन से आए इस सकारात्मक परिवर्तन ने ग्रामवासियों के जीवन स्तर को नई दिशा दी है। स्वच्छ जल की उपलब्धता से स्वास्थ्य में सुधार हुआ है और जीवन पहले से अधिक सहज एवं सुरक्षित बन गया है। शुद्ध पेयजल नहीं मिलने से कई बार ग्राम में उल्टी-दस्त की बीमारी हो जाती थी। जिसमें ग्रामीणों का समय और अर्थ अनावश्यक व्यय होता था। लेकिन अब शुद्ध पेयजल मिलने से ग्रामीणों को जल जनित बीमारियों से भी मुक्ति मिल जायेगी।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए ग्राम खजरा के समस्त ग्रामीण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हैं। जल जीवन मिशन वास्तव में "हर घर जल, हर घर खुशहाल" के संकल्प को साकार कर रहा है।



## धान खरीदी सजगता से करेः बैंक सीईओ बघेल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर व बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में 2 जनवरी को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट सीईओ अभिनव सिंह बघेल द्वारा प्रबन्धक लेखा पी.जोशी की उपस्थिति में शाखा प्रबंधको, संस्था प्रबंधको और धान उपार्जन में संलग्न कर्मचारियों की बैठक वीसी के माध्यम से ली गई। बैंक सीईओ श्री बघेल ने कहा कि उपार्जित धान को सुरक्षित रखे व धान उपार्जन नियमो के अनुसार ही खरीदी कार्य करना सुनिश्चित करे। इसके अलावा लोन और एमएसपी के ईपीओ को समयानुसार पूर्ण करे तथा लोन रिकवरी में पूर्ण रूप से वसूली पर कार्य करे। इसके साथ ही ई-पैक्स अंर्तगत प्रतिदिन डे एंड, सीबील, आधार से खातों को अपडेट करने, केसीसी कार्ड वितरण, मध्यम कालीन ऋण वितरण व वसूली, समिति पुर्नगठन की समीक्षा की गई। इस अवसर पर विपणन अधिकारी एम.एल. यादव, सारँग बिसेन, रौनक चौकसे आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 02 जनवरी को जिले के सभी विकासखंड के बीआरसी एवं बीईओ की बैठक लेकर शिक्षा संबंधी कार्यों एवं योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुतला डामोर, सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक श्री जीपी बर्मन, सहायक संचालक शिक्षा श्री सीएस मरावी एवं नोडल कॉलेज के प्राध्यापक उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम शिक्षकों की ई-अटेंडेंस की विकासखंडवार समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि जिले में शिक्षकों की शत प्रतिशत ई-अटेंडेंस लगाया जाना सुनिश्चित करें। ई-अटेंडेंस किस तरह से लगाना है इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि ई-अटेंडेंस शिक्षक की पद स्थापना वाली शाला से ही लगाना है।

### संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने उठाए सवाल

## एक बाघ और तीन तेंदुए की मौत का जिम्मेदार कौन?

### मुख्यमंत्री श्वेत पत्र जारी कर जनता से मांगे माफी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लांजी-किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते ने अपने जारी बयान में कहा की बालाघाट जिले में एक माह के अंदर एक बाघ और दो तेदूंओ की मौत हुई है बाघ की मौत गंभीर सवाल है। चूंकि बाघ संरक्षण प्राधिकरण के चेयरमेन भारत के प्रधानमंत्री होते हैं। बालाघाट में बाघ और तेदूंओं को बचाने भारत सरकार, राज्य सरकार और डब्ल्यू डब्ल्यू एफ खर्च वहन करता है। बालाघाट में जिन अधिकारियों पर बाघों को बचाने की जिम्मेदारी है, जिनको रात्रि में गश्त करना चाहिए वे 24-24 घंटे की नींद ले रहे हैं और रात में पार्टी करते हैं। बालाघाट में सीसीएफ, पीसीसीएफ, डीएफओ और एसडीओ एवं रेंजरो सहित सब की संख्या मिलाकर 2000 से ज्यादा वन कर्मचारी हैं जो बाघों को बचाने के लिये तैनात हैं। सरकार द्वारा सीसीएफ, पीसीसीएफ, डीएफओ और एसडीओ एवं रेंजरो को रहने के लिये बड़े-बड़े बंगले, सैकड़ों गाडियां, नौकर चाकर, हजारों लीटर डीजल-पेट्रोल इनको दिया जा रहा है। परंतु ये अधिकारी-कर्मचारी बंगले से बाहर ही नहीं निकलते। बालाघाट जिले में सीसीएफ, पीसीसीएफ, डीएफओ और एसडीओ एवं रेंजर कई सालों से रात्रि गश्त नहीं कर रहे हैं। इनकी टूर डायरी चैक की जाये, इनके वाहनों की लॉग बुक और पूरे मामले की जांच सरकार सीबीआई से करवाये। बालाघाट जिले में प्रतिवर्ष जंगलों को बचाने 500 करोड़ से अधिक पैसा केंद्र और राज्य सरकार से आता है जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। बालाघाट जिले में एक बाघ और तीन तेदूंओ की मौत के लिये वनमंत्री जो स्वयं मुख्यमंत्री हैं, वनविभाग का प्रभारी स्वयं मुख्यमंत्री है ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री को एक बाघ और तीन तेदूंओं की मौत के लिये श्वेत पत्र जारी कर बालाघाट की जनता से माफी मांगना चाहिए।

### आवासहीन और गरीबों के लिये सहारा बनी पीएम आवास योजना-नपाध्यक्ष

## नपा ने अंतरित की 22 हितग्राहियों को आवास योजना की अंतिम किश्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास शहरी के तहत नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा लक्षित हितग्राहियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। योजना के तहत पीएम आवास बीएलसी एवं एएचपी घटक के गरीब एवं जरूरतमंद हितग्राही लाभान्वित हो रहे है। 2 जनवरी को नपाध्यक्ष सभाकक्ष में 22 लाभार्थियों को पीएम आवास योजना की अंतिम किश्त 50 हजार रूपये का सिंगल क्लिक से अंतरण सीधे खाते में किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार किसी भी पात्र हितग्राही को वंचित नहीं होने देगी सभी को समान रूप से लाभ मिल रहा है। अब कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा, सबके सिर पर पक्की छत जरूर होगी।

### आवास योजना के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण

नगर पालिका परिषद कार्यालय में नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर द्वारा 2 जनवरी को सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी बीएलसी घटक के 22 हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। जहां 6 हितग्राही पहुंचे थे जिन्हें सांकेतिक रूप से उनके बैंक खाते में योजनांतर्गत राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया गया। जानकारी में बताया गया कि नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा पीएम आवास योजना बीएलसी घटक के 3500 से ज्यादा हितग्राहियों के आवास बनाकये गये है जिनमें लगभग 87 लाख से ज्यादा राशि का अंतरण किया जा चुका है। 22 ऐसे हितग्राही थे जिन्हें अपने आवास को पूर्ण करने के लिये अंतिम किश्त की प्रतिक्षा थी जिन्हें नियमानुसार अंतिम किश्त 50 हजार रूपये का अंतरण कर दिया गया है और अब इन हितग्राहियों का मकान बनकर तैयार होगा जिसकी खुशी लाभार्थियों के चेहरे पर नजर आई। बताया गया कि पीएम आवास योजना 2.0 के तहत हितग्राहियों के आवेदन लिये गये है जिनके पात्रता की जांच उपरांत इनके खाते में भी किश्त के तौर पर राशि पहुंचाई जायेगी ताकि जल्द ही इन लाभार्थियों का मकान भी बनकर तैयार हो जाये।



### आवास को पूर्ण कर खुशियों के साथ करें गृहप्रवेश

नपाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के 22 ऐसे हितग्राहियों को 50 हजार रूपये की अंतिम किश्त मिली है जिनके मकान पूर्णता की ओर थे और उन्हें राशि नहीं मिलने से इंतजार था। इनमें 20 हितग्राहियों को अंतिम किश्त मिली है जबकि 2 लाभार्थियों ने दूसरी किश्त प्राप्त की है। सभी 22 हितग्राहियों को कुल 12 लाख 50 हजार रूपये की राशि का अंतरण सिंगल क्लिक से उनके खातों में कर दिया गया है। नपाध्यक्ष ने लाभार्थियों से अपेक्षा जताई कि जल्द ही वे अपने नवनिर्मित मकानों का काम पूर्ण करें और खुशियों के साथ इन आवास में गृहप्रवेश करें। साथ ही नपाध्यक्ष ने कहा कि जिन हितग्राहियों को किश्त मिलने के बाद भी आवास अपूर्ण है वे भी काम में तेजी लाये ताकि उनका मकान भी जल्द बनकर तैयार हो सके। हितलाभ वितरण कार्यक्रम में नपाध्यक्ष भारती सुरजीतसिंह ठाकुर के साथ ही सभापति कमलेश पांचे, उज्जवल आमाडारे, विनय बोपचे, इंजी. शील भालेराव, विभागीय कर्मचारी एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही।